निबंधन एवं शर्तें

प्रमुख परामर्शदाता - बाल स्वास्थ्य (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यार्थियों से से आवेदन पत्र आमंत्रित कर रहा है।

रिपोर्टिंग अधिकारी: उपायुक्त (बाल स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिका एवं उत्तरदायित्व:

1. बाल स्वास्थ्य कार्यकलापों के संबंध में सभी कार्यों के आयोजन, समीक्षा, कार्यान्वयन पर बल देते हुए बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रौद्योगिकीय प्रबंधकीय सहायता।
2. उपर्युक्त कार्यक्रमों के लिए परिचालन संबंधी दिशा-निर्देशों, पीपीटी, श्वेत-पत्र, नीति संबंधी नोट तैयार करना।
3. निर्णय लेने के लिए उच्च अधिकारियों को सूचित करने के लिए तिमाही आधार पर डेटा विश्लेषण, कार्यक्रम और स्थिति की समीक्षा करना।
4. समय-समय पर बाल स्वास्थ्य एवं आरएमएनसीएच+ए से संबंधित सर्वेक्षणों के डेटा विश्लेषण और नीति को सूचित करने के लिए स्थिति रिपोर्ट और कागजात तैयार करना।
5. समयपूर्वक व्यापक एवं मौजूदा डाटा सुनिश्चित करने के लिए आरएमएनसीएच+ए स्पेक्ट्रम के अंतर्गत बाल स्वास्थ्य परिदृश्य के लिए स्थिति का विश्लेषण करना / अद्यतन करना और तैयार करने/ डिजाइन करने के लिए सहायता प्रदान करना तथा नीति का मार्गदर्शन करने एवं तैयार करने, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों/ परियोजनाओं के अभिकल्पन एवं प्रबंधन के लिए बाल स्वास्थ्य एवं संबद्ध कारकों से संबंधी मौजूदा डाटा उपलब्ध कराना।
6. कार्यक्रम प्रभागों से इनपुट का समन्वय करने एवं इन्हें शामिल करके बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में आबंटित राज्यों (पीआईपी) की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना के लिए उत्तरदायित्व, निरंतरता एवं सह-क्रियाशीलता के लिए विश्लेषण करना, घटक-वार बजटों की समीक्षा करना, मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में चर्चा के लिए अंतिम पीआईपी प्रस्तुत करने तथा संशोधन करने के लिए यथापेक्षित राज्यों को इनपुट प्रदान करना।
7. तकनीकी दस्तावेजों की समीक्षा और बाल स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से टिप्पणी प्रदान करना।
8. स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग (आईसीडीएस), पीआरआई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के लिए अभिसरण योजना तैयार करना; राज्य की पीआईपी और उनके अनुवर्तन की मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करना।
9. राज्यों में पोषण कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने, कार्यान्वयन चुनौतियों की पहचान करने और उचित समाधान अपनाने में राज्यों का सहयोग करने के लिए राज्यों और जिलों का समय-समय पर फील्ड का दौरा करना।

पात्रता:

1. किसी प्रतिष्ठित और मान्यताप्राप्त संस्थान से चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) और जन स्वास्थ्य/बाल रोग विज्ञान/स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री।
2. सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में न्यूनतम 7 वर्ष कार्य का अनुभव। परियोजना प्रबंधन में पूर्व अनुभव वांछनीय है। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य करने का अनुभव प्राप्त अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. बाल स्वास्थ्य एवं आरएमएनसीएच+ए संबंधी मुद्दों तथा एसडीजी में हाल ही में वार्ता और दृष्टिकोण की संपूर्ण जानकारी हो।
4. अत्यावश्यक परिवेश में काम करने की क्षमता, शिक्षाविदों, बहुपक्षीय सहयोगियों के साथ संपर्क स्थापित करना।
5. आम रूप से प्रयोग में आने वाले पैकेजों जैसे एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वांइट तथा संबद्ध डाटा एवं दस्तावेज खोजने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी तथा कंप्यूटर में प्रवीणता प्राप्त होना।
6. उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और पारस्परिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
7. औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में तब छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता लेख प्रकाशित किया गया हो अथवा जब विशिष्ट प्रासंगिकता के काम करने का अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2017 की तिथि के अनुसार 55 वर्ष से अधिक न हो। विस्तृत क्षेत्र दौरों पर जाने हेतु स्वास्थ्य उत्तम हो।

पारिश्रमिक की सीमा: प्रतिमाह 1,30,000/- 1,50,000/- रुपए के बीच।

स्थान: नई दिल्ली।

आवेदन कैसे करें:

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह एनएचएसआरसी वेबसाइट पर उपलब्ध ToR के साथ संलग्न आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को ई.मेल mohfw.recruitment@gmail.com में दिनांक **1-Jul-2017** को अपराह्न्न 4 बजे तक अवश्य भेज दे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।